न्यायालय– अवर न्यायाधीश तृतीय, नरकटियागंज, पश्चिम चम्पारण

स्वत्व वाद संख्या :– 58/2020
CIS No. :– TS/58/2020
CNR :– BRWC22–000094–2020

मजीद मियां बनाम् **रामचन्द्र प्रसाद कुशवाहा एवं अन्य**

दिनांक	आदेश फलक	अभियुक्ति
26.05.2022	अभिलेख पेश हुई। पुकार करायी गयी। पुकार पर वादी विद्वान अधिवक्ता उपस्थित। प्रतिवादीगण अनुपस्थित। वादी के विद्वान अधिवक्ता द्वारा प्रार्थनापत्र दिनांक 26.05.2022 प्रस्तुत करके निवेदन किया गया कि प्रतिवादी संख्या 1 व 2 को बयान तहरीरी दाखिल करने हेतु अंतिम अवसर प्रदान किया जा चुका है। इसके बावजूद प्रतिवादी संख्या 1 व 2 के द्वारा अभी तक बयान तहरीरी दाखिल नहीं किया गया है। इनको बयान तहरीरी दाखिल करने से वंचित करते हुए इनके विरूद्ध वाद की कार्यवाही एकपक्षीय अग्रसारित की जाए तथा साथ ही यह भी निवेदन किया गया है कि अनुपस्थित प्रतिवादी संख्या–3 मुन्ना प्रसाद को अभिलेख पर उपस्थिति के लिए समाचार पत्र (हिन्दुस्तान) में नोटिस/सम्मन प्रकाशित कराये गये है। वादी द्वारा अनुपस्थित प्रतिवादी संख्या–3 पर नोटिस/सम्मन का तामिला जरिये प्रकाशन माने जाने हेतु बल दिया गया। सुना एवं अभिलेख का अवलोकन किया। अभिलेख के अवलोकन से विदित है कि आदेश दिनांक 23.08.2021 के द्वारा प्रतिवादी संख्या 1 व 2 अभिलेख पर उपस्थित आ चुके हैं परन्तु इनके द्वारा आज तक बयान तहरीरी दाखिल नहीं किया गया है। इनको बयान तहरीरी दाखिल करने के लिए अंतिम अवसर प्रदान किया जा चुका है। प्रतिवादी संख्या 1 व 2 को अभिलेख पर उपस्थित हुए लगभग 9 माह व्यतीत हो चुका है तथा बयान तहरीरी दाखिल करने की विधि द्वारा निर्धारित समयावधि भी व्यतीत हो चुका है। अत: न्यायहित में वाद के अग्रसारण हेतु प्रतिवादी संख्या 1 व 2 को बयान तहरीरी दाखिल करने से वंचित करते हुए इनके विरूद्ध वाद की कार्यवाही एकपक्षीय अग्रसारित की जाती है।	

न्यायालय— अवर न्यायाधीश तृतीय, नरकटियागंज, पश्चिम चम्पारण

स्वत्व वाद संख्या :— 58/2020
CIS No. :— TS/58/2020
CNR :— BRWC22–000094–2020

मजीद मियां बनाम् **रामचन्द्र प्रसाद कुशवाहा एवं अन्य**

लगातार **26.05.2022**	वादी द्वारा न्यायालय के आदेशानुसार प्रतिवादी संख्या—3 मुन्ना प्रसाद पर जरिये प्रकाशन पैरवी की गयी। प्रतिवादी संख्या—3 मुन्ना प्रसाद की ओर से आज भी कोई उपस्थित नहीं है। समाचार पत्र प्रकाशन के रूप में अभिलेख पर छपकर उपलब्ध है। अत: जरिये प्रकाशन प्रतिवादी संख्या—3 मुन्ना प्रसाद पर नोटिस/सम्मन की तामिला पर्याप्त मानी जाती है। अभिलेख वास्ते प्रतिवादी संख्या—3 की उपस्थिति/अग्रिम कार्यवाही हेतु दिनांक 27.06.2022 को पेश हो। (मानस कुमार) अवर न्यायाधीश तृतीय न्याय कक्ष—4 नरकटियागंज।	